नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 13.03.2023 | पृष्ठ सं० (Page No). 11 | क्रम सं०(Serial No.) 12

# आतंकवाद को बर्दाश्त न करने की नीति रहेगी जारी : अमित शाह

■ पीटीआई, हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि केंद्र ने पिछले नौ वर्षों में कई आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीति आने वाले वक्त में भी जारी रहेगी। गृह मंत्री ने सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यॉरिटी फोर्स (CISF) के 54वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (CAPF) और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताया और कहा कि पिछले नौ वर्षों में यह प्रदर्शित किया गया है। शाह ने कहा कि कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है, जबकि पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है। लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है और कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।



हैदराबाद में गृह मंत्री ने CISF के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया।

## BRS ने वॉशिंग पाउडर के पोस्टरों से किया गृह मंत्री का 'स्वागत'

■ टाइम्स नाउ, हैदराबाद : CISF के स्थापना दिवस परेड के लिए पहुंचने पर अमित शाह का एक वॉशिंग पाउडर के पोस्टरों के साथ स्वागत किया गया। पोस्टरों को भारत राष्ट्र समिति (BRS) की ओर से BJP पर ताजा हमले के रूप में देखा जा रहा है। नए पोस्टरों में BJP नेता नारायण राणे, शुभेंदु अधिकारी, हिमंत विस्वा सरमा, ईश्वरप्पा सहित अन्य के चेहरे थे। BJP में शामिल होने के बाद नेताओं को 'भ्रष्टाचार मुक्त' करने के लिए पार्टी का मजाक उड़ाया गया। पोस्टर पर लिखा था- अमित शाह आपका स्वागत है।

